# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) । ।1001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100


क्र. 1212/प्रवेश/2021 दुर्ग, दिनांक 28/07/2021

## //अधिसूचना//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–3, द्वितीय एवं ...ीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा प्रेषित पत्र क्र. 1684/आउशि/सम./2021 दिनांक .1.07.2021 सत्र 2021–22 हेतु जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत हेमचंद यादव वि... विद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 के स्नातक भाग–01 में नियमित प्रवेश के इच्छुक छा.../छात्राओं से ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश आवेदन फार्म भराया जाना है, जिसकी तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि (प्राचार्य की अनुमति से) | 02.08.2021 से 20.08.2021 |
| 02 | मेरिट सूची जारी करने की तिथि | 21.08.2021 से 25.08.2021 |
| 03 | संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रकिया पूर्ण करने की तिथि | 22.08.2021 से 31.08.2021 |
| 04 | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि (कुलपति की अनुमति से केवल रिक्त सीटों पर) | 01.09.2021 से 15.09.2021<br>उक्त तिथि में प्रवेश आवेदन करने वाले छात्रों को दिनांक 15.09.2021 तक संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। |

<u>छात्र/छात्राओं हेतु निर्देश:–</u>

- छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबबसाईट www.durguniversity.ac.in के Quick Links पर जाकर Online Admission 2021-22 पर Click कर अथवा http://durg1.ucanapply.com के माध्यम से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे।
- छात्र/छात्राएं उपरोक्त लिंक के माध्यम से सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन करेंगे तत्पश्चात यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड प्राप्त कर प्रवेश आवेदन फार्म भरेंगे।
- छात्र/छात्राएं कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन पद्धति से भरे हुए प्रवेश आवेदन को संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।
- प्रवेश फार्म ऑनलाईन पद्धति से भरने हेतु छात्र/छात्राएं छ.ग. शासन द्वारा सत्र 2021–22 के लिए जारी मार्गदर्शिका सिद्धांत का भलिभांति अवलोकन कर लेवें, तत्पश्चात ही प्रवेश आवेदन फार्म भरें, जिससे उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। छात्रों की सुविधा हेतु उक्त प्रवेश मार्गदर्शिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in पर उपलब्ध है साथ ही इस अधिसूचना के साथ भी संलग्न की जा रही है।
- छात्र/छात्राएं अब मोबाईल के माध्यम से भी प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे, इसके लिए उन्हें अपने अंतिम परीक्षा की अंकसूची (यदि प्राप्त नहीं हुई है तो इंटरनेट से प्राप्त की हुई प्रति) प्रमाणपत्र, फोटो, हस्ताक्षर आदि पहले से ही स्कैन करके रखना होगा जिससे अपलोड करते समय परेशानी न हो।
- प्रवेश आवेदन फार्म पूर्णतः निःशुल्क है। परन्तु यदि छात्र/छात्राएं इंटरनेट कैफे या सी.एस.सी. सेंटर जाकर प्रवेश फार्म भरवाते हैं तो उन्हें उनकी फीस का भुगतान स्वयं करना होगा।
- ऑनलाईन प्रवेश आवेदन करने के पश्चात आवेदन की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय एवं एक प्रति संबंधित छात्र/छात्रा के आई.डी. पर अपलोड हो जाएगी जिसे छात्र कभी भी डाउनलोड अथवा प्रिंट कर सकते हैं।

- प्रवेश आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में स्वीकार किए जायेंगे। महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित सीट संख्या के आधार पर आवेदनों की मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश की प्रकिया पूर्ण की जाएगी। सीट रिक्त होने पर प्रवेश हेतु पुनः आवेदन मंगाये जायेंगे।
- अधिभार के संबंध में प्रवेश मार्गदर्शिक सिद्धांत के बिन्दु क्र. 13 से 13.8 तक का अवलोकन किया जा सकता है। अधिभार हेतु समस्त प्रमाण पत्र प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
- उक्त प्रवेश प्रकिया केवल स्नातक प्रथम वर्ष के लिए लागू है, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के परिणाम जारी होने के पश्चात प्रारंभ किए जायेंगे।

➢ **यदि ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094/7225940167 पर फोन के माध्यम से अथवा <u>onlinehelp@durguniversity.in</u> पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।**

<u>महाविद्यालयों हेतु निर्देशः–</u>

- सत्र 2021–22 में आपके महाविद्यालय हेतु स्नातक भाग–01 में नियमित छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पद्धति से आवेदन लिए जा सकेंगे।
- <u>महाविद्यालय यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र/छात्रा ने ऑनलाईन माध्यम से ही प्रवेश हेतु आवेदन किया हो। प्रवेश आवेदन फार्म केवल ऑनलाईन पद्धति से ही भरे जायेंगे। किसी भी स्थिति में ऑफलाईन प्रवेश आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।</u>
- **<u>महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे संपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात विद्यार्थियों को प्रवेश देने के पश्चात प्रवेश पोर्टल पर जाकर संबंधित विद्यार्थी के डाटा को Admitted करना होगा। महाविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्रों के आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा Admitted करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उनकी प्रवेश की प्रकिया पूर्ण मानी जायेगी।</u>**
- पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र की उपलब्धता पर महाविद्यालय अपने सूचना पटल एवं वेबसाईट दोनों पर मेरिट सूची जारी करें। मेरिट सूची जारी करने के पश्चात 31.08.2021 तक प्रवेश की प्रकिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- छात्र/छात्राओं द्वारा विषय समूह/नाम/पिता/माता का नाम/जन्म तिथि आदि के चयन में हुई त्रुटियों का सुधार संबंधित महाविद्यालय अपने लागइन पैनल के माध्यम से कर सकेंगे। किसी भी छात्र/छात्रा को अनावश्यक विश्वविद्यालय न भेजा जाए। महाविद्यालय अपने स्तर पर विश्वविद्यालय से छात्रों को होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर छात्रों को उनके समाधान के संबंध में जानकारी दे सकते हैं।
- महाविद्यालयों को यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड पूर्व में प्रदान किया गया है, फिर भी यदि किसी महाविद्यालय के पास यह नहीं है तो वह विश्वविद्यालय से संपर्क कर इसे प्राप्त कर सकते हैं।
- किसी भी स्थिति में ऑफलाईन प्रवेश आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

संलग्नः– प्रवेश मार्गदर्शिका

आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग, दिनांक 28/07/2021

पृ.क्र. 1213/प्रवेश/2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय